कहे तोसे सजना ये तोहरी सजनिया, पग पग लिये जाऊं तोहरी बलइयां...

'कौमुदी महोत्सव से हम अपनी परंपरा को समृद्ध कर रहे हैं'

पटना सिटी (आससे)। कला संस्कृति व युवा विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग से पाटलिपुत्र परिषद की भागीदारी में गुलजारबाग



स्टेडियम मैदान में आयोजित कौमुदी महोत्सव का उद्घाटन कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री डॉ प्रमोद चंद्रवंशी व सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने संयुक्त तौर पर की।. आयोजन में पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुमार, विधायक संजीव चौरसिया व विधायक संजय गुप्ता, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी समेत अन्य उपस्थित थी। इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा व महासचिव संजीव कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत राधे कृष्ण का प्रतीक चिन्ह,मोर पंख व पुष्प गुच्छ देकर किया। इस मौके पर. वक्ताओं ने कहा कि कौमुदी महोत्सव की परंपरा प्राचीन है.महोत्सव के द्वारा हम अपनी परंपरा को समृद्ध कर रहे हैं.।

महोत्सव में अतिथियों का का स्वागत एसडीओ कशिश बक्शी ने की, महोत्सव में नौ लोगों को कौमुदी सम्मान से नवाज़ा गया. इसमें सम्मान पाने वालों में शिक्षा सेवी रत्न से सरोज जायसवाल ,चिकित्सा रत्न सम्मान से डॉ सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा,पत्रकारिता रत्न सम्मान से रमेश कुमार मिश्र,पर्यावरणविद रतन से संजीव कुमार यादव,साहित्य रत्न से कमल नयन श्रीवास्तव,उद्योग व व्यवसाय रतन सम्मान से राजेश कुमार कमलिया,समाजसेवी रतन से संजीव कुमार देवड़ा,नाट्य रत्न सम्मान से कुणाल कुमार सिन्हा व खेल रत्न सम्मान से अभय कुमार अतुल को अंगवस्त्र व कौमुदी प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित किया गया. इस मौके पर कौमुदी महोत्सव स्मारिका का विमोचन अतिथियों की ओर से किया गया। बताते चले कि.कौमुदी महोत्सव कार्यक्रम वर्षों से रंगकर्मी और वरिष्ठ पत्रकार स्व. विश्वनाथ शुक्ल चंचल के नेतृत्व में पटना सिटी में आयोजित होते आ रही थी जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपने कला का प्रदर्शन करते थे। 2018 से ये कार्यक्रम पटना साहिब विधायक सह पथ निर्माण मंत्री नंदकिशोर यादव के प्रयास से बिहार सरकार कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जाने लगा।

-संजीवन कुमार जमुआर -

पटना सिटी। ....और शरद पूर्णिमा की रात, अंधकार अपने



आगोश में लेता चला जा रहा, माहौल शीतलता के साथ उजाला दिख रहा था, ऐसे में लोगों की जवां देखते बन रही थी हर कोई पार्श्व गायिका पूजा चटर्जी व भजन गायिका देवी ने समा में ऐसे बांधते चले जा रहे थे हर के जवा पर भोजपुरी लोक गायिका देवी की प्रस्तुति... नीमिया के डाढ़ी मईया..,- सांझ के बेड़ा भइल, चली पूजन करे, पटना में पटनदेवी के दर्शन करे- कहे तोसे सजनवा इ तोहरी सजनवापग पग लिये जाऊं तोहरी बलइयां...- देर शाम तक गीत संगीत की धरा पर लोग झूमते रहे। मौका था, कला संस्कृति व युवा विभाग व जिला प्रशासन के सहयोग से पाटलिपुत्र परिषद की भागीदारी में गुलजारबाग स्टेडियम मैदान में आयोजित कौमुदी महोत्सव का । महोत्सव में स्थानीय कलाकारों में कृष्ण कला संगीत संस्थान के कलाकारो ने अपनी प्रस्तुति से दी.

इसके बाद मनीषा श्रीवास्तव ने लोक गीत,मगध संगीत संस्थान के कलाकारों की समूह की नृत्य की प्रस्तुति के बीच सत्येंद्र कुमार संगीत की ओर से लोक गीत की प्रस्तुति रंग संतु के कलाकारों की समूह नृत्य की प्रस्तुति व सुमित श्री बाबा की ओर से लोक गीत



की प्रस्तुति दी गयीमगध संगीत संस्थान की ओर से लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया, कान्हा रे थोड़ा सा प्यार दे.,आबा गोधवाला हो गोधनवा.., लोक गायिका मनीषा श्रीवास्तव ने लोक गीत की प्रस्तुति दी आजु जनकपुर में मड़वा बड़ा सुहावन लागे, सीता के चढ़ेला हरदिया मनभावन लागे.. अंगुरी में डसले बिया नगनीया, दियरा जराये दा... सत्येन्द्र कुमार संगीत ने लोक गीत की प्रस्तुति दी बाल्मीकि ने रची रामायण, लव-कुश को जाने संसार, ये है मेरा बिहार.

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल


सुविचार
जो लोग हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं, वे अंत में सफलता जरूर पाते हैं।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre

डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता – NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar
Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड,
P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

डांडिया की खनक, गरबा की थाप और पारंपरिक संगीत

पटना (आससे)। श्री पटना गुजराती समाज (रजि.) के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर पटना सिटी के मिरचाई गली, चौक स्थित श्री रानी सती दादी जी मंदिर परिसर में भव्य डांडिया एवं गरबा महोत्सव-2026 का आयोजन हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक चले इस रंगारंग आयोजन में डांडिया की खनक, गरबा की थाप और पारंपरिक संगीत से पूरा परिसर उत्सवी रंग में सराबोर रहा। भारतीय संस्कृति एवं गुजराती परंपरा में शरद पूर्णिमा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इसी परंपरा को जीवंत रखते

पटना सिटी में भव्य डांडिया एवं गरबा महोत्सव



हुए समाज के सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया रास के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने चनिया-चोली एवं आकर्षक साड़ियों तथा पुरुषों ने पारंपरिक भारतीय परिधानों में उत्सव की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में भक्ति, उल्लास और आपसी सौहार्द का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, बिहार के संगठन महामंत्री एवं गुजराती समाज के गणमान्य सदस्य भीखू भाई दलसानिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। समाज के अध्यक्ष रमेश भाई कामदार ने अपने संदेश में कहा कि श्री पटना गुजराती समाज का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना ही नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना तथा समाज के प्रत्येक सदस्य को आपसी प्रेम, सहयोग और एकता के सूत्र में बांधना भी है।

शरण पूर्णिमा पर मंदिरों में श्रृंगार-पूजन

पटना सिटी (आससे)। शरद पूर्णिमा को लेकर लॉ कॉलेज घाट, गायघाट, महावीर घाट, श्री चित्रगुप्त घाट,खालेकलां घाट, कंगन घाट समेत अन्य गंगा घाटों पर भक्तों ने आस्था की डूबकी लगायी साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना व अनुष्ठान किया।

इस मौके पर दुर्गा पूजा आयोजकों की ओर से पूर्णिमा के मौके पर शांति पूजा का अनुष्ठान पूजा स्थल पर कराया गया। इस मौके पर.शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में भी महंत विजय शंकर गिरि, छोटी पटनदेवी के पुजारी अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान हुए. इस दरम्यान भगवती का श्रृंगार पूजन भी किया गया। दूसरी ओर बेगमपुर स्थित दादाबाड़ी जैन मंदिर में भी जैन धर्मानुरागियों ने दादा गुरुदेव की पूजा -अर्चना की, जिसकी शुरूआत नवकार महामंत्र से हुई.



शरद पूर्णिमा पर पूर्ण चन्द्र को अपने मोबाइल में कैद करती बच्ची। छाया: सचिन

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल

मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या भ्रम
• मिर्गी आना
• बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अकारण घबराहट, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या

डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पता: HIG X-9, आशियाना नगर, मैन रोड, ऑपोजिट जगत एलक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।


आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी
DYNAMIC SUPER SPECIALITY LIVER & GASTRO CENTRE
डॉ सौरभ जायसवाल
DM Hepatology
CMC Vellore
सही जाँच सही ईलाज बेहतर जीवन
हमारी सेवाएँ
★ लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
★ फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
★ एंडोस्कोपी (उपरी जठरांत्र जाँच)
★ कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
★ लिवर बायोप्सी
★ हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
★ फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
★ पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार
उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल
फाइब्रोस्कैन
अब उपलब्ध बिना दर्द बिना सुई
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोनी
उच्च गुणवता एंडोस्कोपी यूनिट
लिवर बायोप्सी
एवं अन्य उन्नत प्रकियाएँ उपलब्ध
OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक रविवार बंद
अभी कॉल करें। 6206071186
पता – पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014

प्रतिभागियों ने स्वस्थ एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ लगायी दौड़

पटना में एसबीआई ग्रीन मैराथन सीजन 7

पटना (आससे)। गांधी मैदान में रविवार की सुबह फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ सैकड़ों-हजारों कदम एक साथ आगे बढ़े, जब रेडियो मिर्ची के सहयोग से एसबीआई ग्रीन मैराथन सीज़न 7, का आयोजन पटना में हुआ। इस मैराथन में शहर के धावकों, परिवारों और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों ने हिस्सा लिया और एक स्वस्थ, फिट एवं हरित भविष्य की दिशा में अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

देश के 17 शहरों में आयोजित हो रही इस पहल के तहत पटना में 4800 धावकों ने हिस्सा लिया। अलग-अलग आयु वर्गों और पृष्ठभूमियों से आए प्रतिभागियों ने एक स्वस्थ एवं हरित भविष्य के साझा संकल्प के साथ दौड़ लगाई। इस आयोजन को श्री अनुराग जोशी (मुख्य महाप्रबंधक, पटना सर्किल, एसबीआई), श्री कुमार राजेश रंजन (मुख्य महाप्रबंधक एवं आरबीआई ओम्बड्समैन), श्रीमति पूजा जोशी (अध्यक्ष, एसबीआई लेडीज क्लब, पटना), श्री योगेंद्र शेलके (महाप्रबंधक, दक्षिण बिहार नेटवर्क, एसबीआई), श्री बेणुधर पाढी (महाप्रबंधक, झारखंड नेटवर्क, एसबीआई), श्री देवेश मित्तल (उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी, एसबीआई), श्री सुजीत कुमार झा (उप महाप्रबंधक, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन, एसबीआई, कॉर्पोरेट सेंटर), श्री सुशांत पांडा (नेशनल आईपी ऑपरेशंस हेड, रेडियो मिर्ची) ने भारतीय स्टेट बैंक और मिर्ची के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना संस्करण में 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर की तीन दौड़ श्रेणियाँ शामिल थीं, ताकि अलग-अलग अनुभव और फिटनेस स्तर वाले धावक अपनी क्षमता के अनुसार हिस्सा ले सकें। 21 किलोमीटर और 10 किलोमीटर की दौड़ें एआईएमएस (डब्ल्यू) प्रमाणित एवं समयबद्ध दौड़ें थीं, जबकि 5 किलोमीटर की दौड़ बिना समय-सीमा के आयोजित की गई। एसबीआई ग्रीन मैराथन की पहचान केवल दौड़ने तक सीमित नहीं है। इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पर्यावरण-अनुकूल पहलें शामिल की गईं। जैविक कपड़े से बनी टी-शर्ट्स और पौधारोपण योग्य बिब्स से लेकर पर्यावरण-अनुकूल परोसने की व्यवस्थाओं और कचरे के जिम्मेदार प्रबंधन तक, इस पहल का उद्देश्य मैराथन के हर पहलू को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बनाना है।



इस दिशा में कचरा प्रबंधन सहयोगी स्क्रैप (स्ह्रद्धड्ढश्च) ने अहम भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान उत्पन्न कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में बाँटकर उचित पुनर्चक्रण एवं पुनर्प्राप्ति प्रक्रियाओं के लिए भेजा गया, ताकि आयोजन के बाद भी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाई जा सके।

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre

Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys
Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
Kidney Stone Treatment | Prostate Care
Urinary Tract Infections (UTI) | Andrology & Male Health
Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636

समर्पित सेवा के 31 वर्ष
निरंगा अगरबत्ती
देश की खुशबू
आकर्षक हैंडल बैग मे..
की भोर
प्रीमियम धूप


वितरक रहित क्षेत्रों में डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए
सम्पर्क करें 6389 004433
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.

श्रद्धालुओं ने मांगी परिवार की खुशहाली

पटना (आससे)। शरद पूर्णिमा का पर्व रविवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया गया। वहीं स्नान-दान तथा व्रत की पूर्णिमा उदयातिथि में कल सोमवार को मनायी जायेगी। सनातन धर्मावलंबियों ने गंगा स्नान,दान-पुण्य, पूजा-पाठ किया एवं रात्रि में लक्ष्मी,कुबेर एवं इंद्र की पूजा की। रात्रि जागरण कर घी का दीपक पूरी रात जलाया। ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात धन व वैभव की देवी माता लक्ष्मी का पृथ्वी लोक पर आगमन होता है। वह अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। श्रद्धालुओं ने शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी को खीर का भोग लगाकर घी के दीपक जलाये। मां लक्ष्मी की विशेष कृपा पानें व आर्थिक संकटों से छुटकारा पाने के लिए पूर्णिमा की रात्रि में घर में घी के 21 दीपक जलाकर श्रीसूक्त का 51 बार पाठ किया। लक्ष्मी-नारायण की आराधना एवं विष्णुसहस्त्रनाम का पाठ किया। ऐसा कहा जाता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा सोलह कलाओं के साथ अपनी शीतलता पृथ्वी पर प्रसारित करता है। यह पूर्णिमा सभी बारह पूर्णिमाओं में सबसे सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। इस दिन रात्रि बेला में माता लक्ष्मी की पूजा-आराधना करने से सुख-



शरद पूर्णिमा

समृद्धि, धन लाभ एवं ऐश्वर्य में वृद्धि होती है। इस दिन शुभ कार्य, गरीब-निर्धन की सेवा, दूध-दही, चावल आदि का दान करने से इसका पुण्यफल लंबे समय तक लाभ देता है। शरद पूर्णिमा भगवान नारायण के चातुर्मास के शयनकाल का अंतिम चरण होता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए सुख, सौभाग्य, आयु, आरोग्य और धन-संपदा की प्राप्ति के लिए इस पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाती है। इस रात को मां लक्ष्मी स्वर्ग लोक से पृथ्वी पर प्रकट होती हैं।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
दानापुर मंडल .डी.आर.टी./विद्युत
सूचना सं.– 10/टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./26–27
मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा संख्या: टी.आर.डी./डी.एन.आर./ओ.टी./10/26–27
1. कार्य का नाम एवं स्थान: रघुनाथपुर और ट्विनिंग गंज सेक्शन के बीच, लोकेशन 628/33–35 पर LC-59 B को स्थानांतरित करना, इसमें प्रस्तावित ROB के बदले एक अस्थायी LC गेट की व्यवस्था करना भी शामिल है, का निविदा कार्य। 2. कार्य की अनुमानित लागत (एन.आई.टी. मूल्य): रु. 32,30,644.94/– 3.अग्रधन राशि: रु. 64,600.00/– 4. निविदा खुलने एवं जमा करने कि तारीख और समय: निविदा ऑनलाइन जमा करने की तिथि और समय: 20.11.2026 दोपहर 12:00 बजे से पहले। 5. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है, आदि: विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज सी.आर.आई.एस वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं और नोटिस का पूरा विवरण सीनियर डी.ई.ई. (टी.आर.डी)/पूर्व मध्य रेलवे/दानापुर के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।
मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/1182/डीएनआर/टीआरडी/टी/26–27/40

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417
Purpose Course
MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management
शीघ्र आवश्यकता है

Post	Department	Qualification
Principal	Administration	Ph.D with 10 Year Experience
Assistant Professor/ Professor	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject
HOD	MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management	Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience
Librarian	Library	B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc
Lab Instructor/	-	BCA / DCA
Accountant	Administration	M.Com / B.Com
Office Assistant	Administration	Graduate with Computer Knowledge
Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon)	Administration	Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■
Secretary/Chairman - Divya Prakash
Contact- 9304697359, 9334074905